जन्नत में एक कमान के बराबर स्थान, उन तमाम चीज़ों से बेहतर है, जिनपर सूरज निकलता अथवा डूबता है।

अबू हुरैरा -अल्लाह उनसे प्रसन्न हो- से रिवायत है, वह कहते हैं कि अल्लाह के रसूल - सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- ने फ़रमाया : “जन्नत में एक कमान के बराबर स्थान, उन तमाम चीज़ों से बेहतर है, जिनपर सूरज निकलता अथवा डूबता है।”
[सह़ीह़] [इसे बुख़ारी ने रिवायत किया है।]

इस हदीस में जन्नत के अंदर मोमिन को प्राप्त होने वाले विशाल प्रतिफल और दुनिया की तुच्छता का उल्लेख है। जन्नत इतना स्वच्छ तथा सुंदर एवं ऐसा हमेशा रहने का स्थान है कि उसके अंदर एक कमान के बराबर स्थान दुनिया की सारी नेमतों से उत्तम है। अल्लाह हमें जन्नत में प्रवेश पाने का सौभाग्य प्राप्त करने वालों में से बनाए।

http://sunnah.global/hadeeth/hi/show/8352